# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, देवली (टोंक)

मिसल संख्या – 150 / 2022 निर्णय दिनांक :– 26/5/22

**उनवानी प्रार्थना पत्र –**

1. कंचन पुत्री किशनलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
2. देवकरण पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
3. प्रेम देवी पुत्री किशनलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
4. मोरपाल पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
5. बुद्धिप्रकाश पुत्र स्व0 श्रीलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
6. सरमा पुत्री स्व0 श्रीलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
7. मैना पुत्री स्व0 श्रीलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
8. सुमित्रा पुत्री स्व0 श्रीलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0
9. शान्ति पुत्री स्व0 श्रीलाल जाति गुर्जर निवासी घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज0

–प्रार्थी पक्ष–

बनाम

तहसीलदार दूनी जिला टोंक राज0

–अप्रार्थी पक्ष–

**प्रार्थना पत्र पत्थरगढी बाबत् अन्तर्गत धारा 128 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट**

## आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र इस प्रकार है कि खाता संख्या 344 खसरा नम्बर 905 रकबा 0.27 है0, खसरा नम्बर 906 रकबा 0.17 है0, खसरा नम्बर 911 रकबा 1.23 है0, खसरा नम्बर 973 रकबा 0.53 है0 वाके ग्राम घाड तहसील दूनी जिला टोंक में स्थित है। उक्त प्रार्थना–पत्र अनुसार प्रार्थी संख्या 5 ता 9 के पिता श्रीलाल पुत्र किशनलाल की मृत्यु होना बताया है, इसलिए प्रार्थी संख्या 5 ता 9 को आवश्यक पक्षकार बनाया गया है। उक्त भूमि के सीमा चिन्ह मिट गए है इसलिए न्यायालय में प्रार्थना–पच पेश किया है। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। श्रीलाल की मृत्यु हो चुकी है, जिसके वारिसान को पक्षकार प्रार्थना पत्र में बनाया गया है, चूंकि श्रीलाल के विरासत का नामान्तकरण नही खुला हैं अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

[signature]

तहसीलदार दूनी की रिपोर्ट अनुसार आराजी खाता संख्या 344 खसरा नम्बर 905 रकबा 0.27 है0, खसरा नम्बर 906 रकबा 0.17 है0, खसरा नम्बर 911 रकबा 1.23 है0, खसरा नम्बर 973 रकबा 0.53 है0 वाके ग्राम घाड, प्रार्थी पक्ष की खातेदारी व कब्जेकाश्त की आराजी भूमि है। उक्त भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नही है और न ही पडोसी खातेदारों से सीमा विवाद है।

अतः जमाबंदी संवत् **2073–76** में अंकित आराजी खाता संख्या 344 खसरा नम्बर 905 रकबा 0.27 है0, खसरा नम्बर 906 रकबा 0.17 है0, खसरा नम्बर 911 रकबा 1.23 है0, खसरा नम्बर 973 रकबा 0.53 है0 वाके ग्राम घाड तहसील दूनी जिला टोंक, की विधिवत् पत्थरगढी की जाने हेतु तहसीलदार दूनी को एतद्द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से पत्थरगढी कॉस्ट राशि नियमानुसार सीमाज्ञान शुल्क जमाकर उक्तानुसार पालना की जावे।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
देवली